**बरेली पुलिस**

**प्रेसनोट दिनांक 28.09.2025**

**थाना अलीगंज जनपद बरेली।**

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के तहत थाना अलीगंज पुलिस टीम एवं महिला SOG द्वारा दुष्कर्म के अभियोग में वांछित 02 अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान किया गया गिरफ्तार।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/पृष्ठ भूमि -**

वादिनी द्वारा दिनांक 27.09.2025 को थाना अलीगंज पर सूचना दी गयी कि करीब ढ़ाई माह पहले 1.जीतू उर्फ जीतेश माहेश्वरी (32 वर्ष) पुत्र गिरधारी उर्फ रामेश्वर माहेश्वरी ने उसकी कॉस्मेटिक्स की दुकान पर सामान लेने आयी वादिनी की बेटी उम्र करीब 17 वर्ष को बहला फुसलाकर नशीला पदार्थ देकर उसके साथ दुराचार किया और वीडियो बना ली तथा उसके बाद से परेशान करता रहा। जीतू उपरोक्त द्वारा बनाई गयी वीडियो उसने अपने दोस्त अंकित गुप्ता (33 वर्ष) पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता नि0गण राजपुर कला थाना अलीगंज को भी दे दी। अंकित ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर वादिनी की बेटी के साथ दिनांक 05.08.2025 को दुराचार किया। प्राप्त सूचना के आधार पर थाना अलीगंज में मु0अ0सं0 282/25 धारा 64/351(3)BNS, 3/4 पॉक्सो एक्ट, 66(E)/67(A) IT ACT) पंजीकृत किया गया।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

थाना अलीगंज पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना अलीगंज के मु0अ0सं0 282/25 धारा 64/351(3) BNS, 3/4 पॉक्सो एक्ट, 66(E)/67(A) IT ACT) से सम्बन्धित 02 अभियुक्त 1.जीतू उर्फ जीतेश (32 वर्ष) पुत्र गिरधारी उर्फ रामेश्वर माहेश्वरी 2.अंकित (33 वर्ष) पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता नि0गण राजपुर कला थाना अलीगंज बरेली को आज दिनांक 28.09.2025 को समय करीब 02.50 बजे आंवला रोड पर बंद पड़े पैट्रोल पम्प के पास गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों को समय करीब 04.20 बजे एसआई रविराज सिंह मय फोर्स मय सरकारी गाडी के अभियुक्तगणों को चिकित्सीय परीक्षण हेतु सीएचसी मझगवां जा रहे थे, तभी रास्ते में गौवंशों का झुण्ड आ जाने के कारण गाड़ी को रोका गया। इसी दौरान अभियुक्त जीतू उपरोक्त कां0 2086 वीरेन्द्र सिंह से उनकी पम्प एक्शन गन लूटकर अपने साथी सहित भाग गया, जिससे कां0 वीरेन्द्र सिंह को गिरने से चोटे आयीं। सूचना मिलने पर प्र0नि0 अलीगंज मय फोर्स व महिला SOG टीम द्वारा अभियुक्तों की तलाश की गयी तो सर्च ऑपरेशन में दोनों अभियुक्तों द्वारा स्वंय को घिरता देख अभियुक्त जीतू उर्फ जीतेश द्वारा पम्प एक्शन गन से 02 राउण्ड फायर किये गये। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गयी फायरिंग में जीतू उर्फ जीतेश को दाहिने पैर तथा अंकित को बांये पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया है। **घायल अभियुक्तों एवं पुलिसकर्मी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मुठभेड़ व सरकारी असलाह को लूटने के संबंध में थाना अलीगंज पर मु0अ0सं0 283/25 धारा 109/309(4) बीएनएस पंजीकृत किया गया है।**

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-**

1. जीतू उर्फ जीतेश उम्र 32 वर्ष पुत्र गिरधारी उर्फ रामेश्वर माहेश्वरी निवासी राजपुर कला थाना अलीगंज बरेली।
2. अंकित उम्र 33 वर्ष पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता निवासी राजपुर कला थाना अलीगंज बरेली।

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 282/25 धारा 64/351(3)BNS, 3/4 पॉक्सो एक्ट, 66(E)/67(A) IT ACT) थाना अलीगंज, जनपद बरेली।
2. मु0अ0सं0 283/25 धारा 109/309(4) बीएनएस थाना अलीगंज जनपद बरेली।

**बरामदगी-**

लूटी गयी 12 बोर पम्प एक्शन गन।

**पुलिस टीम-**

1.श्री जगत सिंह प्रभारी निरीक्षक अलीगंज जनपद बरेली।
2.उ0नि0 श्री रविराज सिंह थाना अलीगंज जनपद बरेली।
3.उ0नि0 श्री शहीद खां थाना अलीगंज जनपद बरेली।
4.उ0नि0 श्री प्रणव श्रोतिया थाना अलीगंज जनपद बरेली।
5.उ0नि0 श्री मुकेश कुमार थाना अलीगंज जनपद बरेली ।
6.हे0कां0 538 रोहित कुमार थाना अलीगंज जनपद बरेली।
7.हे0कां0 701 भूपेन्द्र सिंह थाना अलीगंज जनपद बरेली।
8.हे0कां0 800 प्रदीप गौतम थाना अलीगंज जनपद बरेली।
9.कां0 3476 विशाल प्रताप थाना अलीगंज जनपद बरेली।
10.कां0 3450 हिमांशु थाना अलीगंज जनपद बरेली।
11.कां0 347 अखलेश कुमार थाना अलीगंज जनपद बरेली।
12.कां0 1589 ब्रह्मानन्द थाना अलीगंज जनपद बरेली।
13.कां0 3641 उदित कुमार थाना अलीगंज जनपद बरेली।
14.कां0 2200 त्रिवेन्द्र सिंह थाना अलीगंज जनपद बरेली।

**मय महिला SOG टीम जनपद बरेली।**